through the tubewell, conforms to tne standards laid down.

**Unauthorised construction in Government quarter of Babar Place**

3653. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) the details of the complaints received regarding unauthorised constructions made in Government quarters in New Delhi especially in Babar Place, New Delhi during the last six

**दिल्ली में रेयजल की आपूर्ति**

3654. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया**: क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कारध्यान 4 अप्रैल, 1998 के दैनिक समाचार-पत्र "दि पायनियर" में प्रकाशित समाचार "पूअर क्वालिटी वाटर इन डेलही सिन्स 90 सी.ए.जी. की ओर दिलग्या गया है;

(ख) क्या यह सच है कि नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन के अनुसार दिल्ली में आम आदमी को उषलब्ध कराया जा रहा पानी न केवल अपर्याप्त है अपितु दूषुत भी है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त मामले पर विचार करने के उपरांत कोई तत्काल कार्रवाई की गई है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्च मंत्री (श्री बंडारू दत्तात्रेय)**: (क) जी, हां।

(ख) और (ग) दिल्ली जल बोर्ड ने बताया है कि दिल्ली में पीने के पानी 800 मिलियन गैलन प्रतिदिन की मांग की तुलना में प्रतिदिन लगभग 600 मिलियन गैलन पीने का पानी सप्लाई किया जा रहा है। इस प्रकार करीब 200 मिलियन गैलन प्रतिदिन की कमी है। तथापि बोर्ड द्वारा सप्लाई किया जा रहा पानी पीने योग्य, साफ तथा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप है।

पानी की सप्लाई बढ़ाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए है:-

(i) यमुना नदी के पानी के बंटवारे के लिए लंबंधित राज्यों के मुख्य मंत्रियों के बीच एक अंतः राज्य समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(ii) नांगलोई में 40 एम जी डी जल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है।

(iii) बवाना में 20 एम जी डी जल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

(iv) लाइनों की क्षति को रोकने के लिए मुनाक ने हैदरपुर जल शोधन संयंत्र तक समानांतर लाइनों के निर्माण का प्रस्ताव है।

(v) बकारवाला में 100 एम जी डी जल शोधन संयंत्र का निर्माण का प्रस्ताव है।

(vi) मुना पार क्षेत्र के लोनिया विहार में 140 एम जी डी जल शोधन संयंत्र के निर्माण का प्रस्ताव है।

(vii) पीने के पानी के नमान वितरण के लिए वितरण प्रणाली को तर्कसंगत बनाने का कार्य आरंभ किया गया है।

(viii) दिल्ली वासियों को सप्लाई किए जा रहे पीने के पानी की गुणवता सुनिश्चित करने के लिए पानी के 250-800 नमूने प्रतिदिन लेकर प्रयोगशालाओं में उनकी जांच की जाती है।

**राजधानियों में झुग्गियों में रहने वाली आबादी**

3655. **श्री जनेश्वर मिश्र**: क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न प्रांतों का राजधानियों में कुल कितने प्रतिशत आबादी झुग्गियों में रहती है;

(ख) झुग्गियों में रहने वाली कुल आबादी में से कितने प्रतिशत लोगों को बुनियादी सुवुधाएं उपलब्ध हैं; और

(ग) इनका शहर-वार ब्यौरा क्या है?

**शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बंडारू दतात्रेय)**: (क) 1991 की जनगणना के आधार पर नगर एवं ग्राम नियोजन संगठन (टी.सी.पी.ओ.) के अनुभागों के अनुसार विभिन्न राज्यों की राजधानियों की 28% जनसख्या स्लम में रह रही है।

(ख) 1997-98 के दौरान एनवायरमेन्टल इम्प्रूवमेंट आफ अर्बन स्लम्स (ई.आई.यू.एस.) स्कीम के अन्तर्गत 13.15 लाख स्लम वासियों को अपने रहन-सहन की